अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 11 अप्रैल, 2018 को एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया यह व्याख्यान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता की प्रेरणा व मार्गदर्शन में किया गया। यह अतिथि व्याख्यान अंजु रानी, सरपंच ग्राम चंदावली द्वारा दिया गया उसने वताया आज अनेक महिलाएँ शिक्षित व अशिक्षित पंचायत में पंच व सरपंच के रूप में विराजमान हैं लेकिन जागरूकता की कमी के कारण व महिलाओं के नेतृत्व की प्रति नकारात्मक सोच व उनकी प्रशासन के बारे उपयुक्त जानकारी न होने से उनके पति या परिवार में पुरूष सदस्य कार्य करते थे लेकिन अव ऐसा नहीं है महिला सरपंच आम आदमी के लाभ के अनेक कार्यक्रम जैसे फसल बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि, मातृत्व लाभ योजना तथा बालिकाओं की शिक्षा, महिलाओं का स्वास्थय टीकाकरण, आंगनवाडी के जरिये पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना आदि योजनाओं को अच्छे ढ़ंग से क्रियान्वित कर रही हैं अंत में उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज महिलाएं बुद्धि व कौशल में किसी से कम नहीं है जरूरत है उन्हें केवल अव्सर देने की। यह कार्यक्रम राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्षा श्रीमती रितु व डॉ. विनोद राठी के सहयोग से सम्पन्न हुआ।